**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2009**

**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते**

2009 **श्री भर्तृहरि महताब:**

**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:**

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) निर्यात के संदर्भ में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) से सबसे अधिक लाभान्वित होने वाले प्रमुख क्षेत्र कौन से हैं;

(ख) क्या सरकार भारत-यूएई मॉडल के आधार पर अन्य देशों के साथ समान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की योजना बना रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) जहां तक भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का संबंध है, दिनांक 1 मई 2022 को इसके लागू होने के बाद से भारत का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 28 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 35.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। इसी अवधि के दौरान द्विपक्षीय व्यापार भी 72.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 83.7 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है। सीईपीए लागू होने के बाद से रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग संबंधी सामान, कृषि उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जैसे कुछ क्षेत्रों में भारत से निर्यात में वृद्धि देखने को मिली है।

(ख) और (ग): वर्तमान में, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए वार्ता चल रही है।

******